http://www.vedanumerolog.com/index.html

स्वागतम

Vedanumerolog Website ! पर आपका स्वागत है.

....

सन्दर्भ

नारायण यादव अंक-ज्योतिष विद्या में एक सफल एवं अनुभवी व्यक्ति हैं. यह प्रतिभा उन्हें ईश्वर द्वारा प्रदत्त है और वे एक प्रेरणा-दायक पुरुष हैं. नारायण का जन्म उत्तर प्रदेश के पावन स्थली वाराणसी जिले के निकट १९६७ में हुआ था. बचपन से ही वे अपने जीवन के उद्देश्य के प्रति सदा उत्सुक रहा करते थे. १९८६ में वे एक सच्चे आध्यात्मिक गुरु के संपर्क में आये और उनका ज्ञान प्राप्त किया. उन्होंने उन्हें जीवन का सही मार्ग दिखाया और स्पष्टता और संतोष प्रदान किया, तथा जीवन में सही मंजिल की ओर बढ़ने और अनुसरण करने हेतु सदा मार्ग दर्शन किया. साथ-साथ दैनिक जीवन में भी सदा उन्नति करने के लिए प्रेरित किया.

कुछ समय बाद उन्होंने अंक-ज्योतिष, वास्तु, रेकी और आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार की विधिवत ट्रेनिंग ली, जिसके द्वारा मनुष्य के कई रोगों का उपचार करने में मदद मिलती है.

इस समय वे बार्सेलोना (स्पेन) में रह रहे हैं.

....

अंक-ज्योतिष

अंक-ज्योतिष क्या है**?**

अंक-ज्योतिष अंकों में छिपे उनके गहन अर्थों और मनुष्य के जीवन पर उनके द्वारा पड़ने वाले प्रभावों के अध्ययन की एक प्रकार की विद्या है**.** इसका सदुपयोग भारत में पिछले दस हज़ार वर्षों से किया जा रहा है और यह 'भारत की विरासत' का एक अंग है**,** जिसके आधार पर मनुष्य के अंदर छिपे प्रेम**,** समृद्धि**,** उपलब्धि और सुख या आनंद के रहस्यों का सही **–**सही पता चल जाता है**.**

आपकी जन्म-तिथि से शुरू करें तो अंक-ज्योतिष के लिए यह एक कोड (रहस्य रखने वाला अंक) के सामान है, जो आपको ये सब जानने के काबिल बनाती है – आप वास्तव में कौन हैं, यहाँ होने के क्या कारण हैं, और इस जीवन में आप क्या-क्या सीखेंगें. विकास या संवृद्धि के मासिक व वार्षिक चक्रों के पैटर्न का अनुसरण कर अंक-ज्योतिष आपको अधिक असरदार तरीके

से अपना भविष्य सँवारने व अपने जीवनकाल में बहुत महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका अदा करने में मदद करती है .

आप, अपने स्वाभाव और प्रकृति तथा साथ-साथ अन्य लोगों की प्रकृति के बारे में जान लेने से; अपनी सहायता कर सकते हैं.

……

अंक-ज्योतिष किस तरह काम करती है ?

अनुभवी अंक-ज्योतिषी को आप के पूरे नाम व जन्म-तिथि की आवश्यकता होती है. व्यक्ति के नाम के अक्षरों को उनके निश्चित अंक दिए जाते हैं और आप के जन्म-तिथि से मूल (मुख्य) अंक प्राप्त किये जाते हैं. फिर इन सभी से प्राप्त संयुक्त अंकों के आधार पर उस व्यक्ति के निजी गुणों व व्यक्तित्व का पूरा ब्यौरा प्राप्त हो जाता है.

अपने बारे में जान लेने के बाद आप अपने जीवन में अधिक अच्छी तरह से तरक्की कर सकते हैं, जो पहले आपके लिए संभव नहीं लगता था.

कुशल अंक-ज्योतिषी आप को अपने गुणों व शक्ति तथा कमजोरियों के बारे में जानकारी दे सकता है. अंक-ज्योतिष एकदम सही जानकारी देता है. और इसीलिये अनोखा और आश्चर्यजनक है. अंकों के माध्यम से आप यह जान सकते हैं कि लोग किस प्रकार से पेश आते हैं और व्यवहार करते हैं.

आपके जन्म-तिथि के अंक आप के बारे में पूरी जानकारी देते हैं.

जीवन-मार्ग अंक – आपने अपने उद्देश्य को पाने के लिए कैसा रास्ता चुना है.

दिवस अंक – आप अपने जीवन में आने वाले हर दिन को किस प्रकार बिताते हैं.

व्यक्तिगत वर्ष – आप अपने नौ-वर्षीय चक्र में इस समय किस स्थिति में हैं. यह वर्तमान और आने वाले चक्रों के बारे में बताता है.

आपके नाम के अंक निम्न अंकों के विषय में बताते हैं:

आंतरिक-अंक - अंदर की भावनाएं व ह्रदय की इच्छाएं.

वाह्य-अंक – आपका चरित्र और प्रकृति.

भाग्य-अंक – जीवन का उद्देश्य और सफलता की कुंजी.

………

अंक-ज्योतिष किस प्रकार आपकी सहायता करेगा –

यह आपको स्पष्टता प्रदान करेगा और सफलता का मार्ग दिखाएगा.....

यह आपको सही निर्णय लेने में मदद करेगा और समस्याओं से बचायेगा.

उदहारण

....

कुछ उदहारण

1. अंक-ज्योतिष किस प्रकार मदद करता है ? या यह आपकी सहायता कैसे करेगा ?
2. आपका व्यक्तिगत वर्ष आपके लिए अच्छा है या अच्छा नहीं है ? इसका आप पर क्या असर पड़ेगा ?

मकान :

उदहारण : मान लीजिए आप एक मकान खरीदने का निर्णय कर रहे हैं और आप पूरी तैयारी कर चुके हैं. आपके पास धन है, सभी दस्तावेज(कागज़ात) हैं, सब कुछ ठीक है. पर आखिरी समय पर कुछ समस्या आती है और आप डील नहीं कर पाए (यानी मकान नहीं खरीद पाए). हो सकता है किसी कारण से डील होने में अधिक समय लगे, पर उस अचानक आने वाले कारण का आपको पहले पता नहीं चला. हो सकता है अंत में आप ने किसी तरह डील कर तो ली, पर इसके लिए आपको अपने अधिकतम बजट से भी कहीं अधिक धन खर्च करना पड़ा.

यदि आपका व्यक्तिगत वर्ष अच्छा है और आप एक मकान खरीदना चाहते हैं तो यह आपको बिना किसी समस्या के मकान खरीदने में मदद करेगा और आप एक अच्छी डील कर पायेंगे.

उदहारण: आप बहुत दिनों से एक मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं, लेकिन किसी भी प्रकार आप जिस तरह से चाहते हैं उस तरह से बात नहीं बन रही है. जैसे- अच्छी जगह, सही दाम, आदि. यदि 'आपका व्यक्तिगत वर्ष अच्छा है' तो यह आपको अपनी मनपसंद के मकान को पाने में मदद करेगा और वह भी सही दामों में, जिसकी आप बहुत दिनों से इंतज़ार कर रहे थे.

विवाह:

जो व्यक्ति विवाह करना चाहता है, उसे इन बातों को जानना चाहिए:

1. जिससे हम शादी करने जा रहे हैं वह मेरी अच्छी तरह से परवाह करेगा या नहीं ?
2. दोनों लोगों के ग्रहों और अंकों का तालमेल एक दूजे के लिए शुभ है या नहीं ?

चूंकि हम एक दूजे के ग्रहों की प्रकृति और उनके द्वारा पड़ने वाले आपसी प्रभावों को नहीं जानते और शादी कर लेते हैं तो कुछ समय बाद विवाह आपसी लड़ाई का कारण बन जाता है और फिर अंत में तलाक ही लेना पड़ता है.

आपको, अपने और अपने जीवन-साथी के स्वभाव को जान लेने से; शादी-शुदा जिंदगी को आनंद पूर्वक जीने में मदद मिलती है नहीं तो सारा जीवन संघर्ष व दुःख में ही बिताना पड़ सकता है.

व्यापार:

उदहारण: आप एक नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं या फिर मौजूदा व्यापार को बदलना चाहते हैं. पर आपने जो व्यापार चुना है वह आपके ग्रहों के अनुसार आपके लिए सही नहीं है.

आप इस व्यापार में इमानदारी से अपनी १००% कोशिश कर रहे हैं, फिर भी आपका व्यापार न तो बढ़ रहा है और न आप द्वारा किये गए परिश्रमों के अनुपात में आपको उचित लाभ व संतोष मिल पा रहा है; या फिर आप पूरे तौर पर नुकसान उठाते जा रहे हैं और लगता है आखिरकार इसे बंद ही करना पड़ेगा.

दुर्भाग्यवश, ऐसी स्थितियां व समस्याएं हमारे जीवन में आ जाया करती हैं और हम समझ नहीं पाते हैं कि ये समस्याएं क्यों आ रही हैं और ऐसा मेरे साथ क्यों हो रहा है.

उदाहरण: आप अपने व्यापार के लिए एक कांट्रेक्ट पाने की कोशिश कर रहे हैं, पर अंत में कोई और इसे पा जाता है और आप रह जाते हैं. जब कि आपने सब कुछ बिल्कुल ठीक तरीके से सुनियोजित रूप में किया और सही दाम का कोटेशन भी दिया, फिर भी आप के लिए कुछ अच्छा नहीं हो सका ....और फिर आप सोचते रहते हैं कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है?

एक बच्चा पाने की इच्छा: यदि आप बहुत दिनों से एक बच्चा पाने की कोशिश कर रहे हैं पर आप इस समस्या का कोई हल नहीं निकाल पा रहे हैं. अंक की मदद से आप यह जान सकते हैं कि बच्चा आपके भाग्य में है भी या नहीं. यदि आपके भाग्य में संतान का योग है तो फिर आपके सामने समस्याएं क्यों ? अंकों के आधार पर आप जान सकते हैं कि आपके जीवन में ऐसा अच्छा समय कब आएगा, जो आपको एक सुंदर व मनमोहक संतान पाने की खुशियों से भर देगा.

कार: यदि आपने एक नई कार खरीदी है पर कुछ दिनों बाद से ही उसमें दिक्कतें आ रहीं हैं या आपका ऐक्सिडेंट हो गया या फिर आप के सही तरीके से कार चलाने पर भी कोई दूसरा आकर अनायास ही आपकी कार में टक्कर मार देता है; तो फिर कभी–कभी आप सोच में पड़ जाते हैं कि चूंकि मैंने यह कार खरीदी है इसीलिए हर समय समस्याएं ही समस्याएं सामने आ रही हैं. आखिर ऐसा क्यों ?

इसका उत्तर है, संभवतः आपके कार का नम्बर आपको सूट नहीं कर रहा है. और तब आपको यह जानने की ज़रूरत है कि कौन का ग्रह या कौन सा अंक आपकी मदद करेगा जिससे कि आप अपने जीवन में अकारण आने वाली उन सभी मुसीबतों से बच सकें.

……

उपचार: रत्न

रत्नों की सुंदरता एवं उनका तेज प्रभाव

अंक-ज्योतिष के रिपोर्ट के परिणाम के आधार पर एक चार्ट बनता है, जिसमें जन्म-तिथि से प्राप्त अंकों को लिखा जाता है. पर साधारणतया चार्ट में “खाली जगह” (“ब्लैंक स्पेस”) या “मिसिंग अंक” रहते हैं.

किसी मनुष्य के चार्ट में मौजूद अंकों, मिसिंग नम्बर्स, या फिर किसी ग्रह के उर्जा-प्रवाह के असर को संतुलित या अप्रभावी (समाप्त) करने के उद्देश्य से सनातन काल से चली आ रही प्राचीन सभ्यता के समय से ही कुछ उपचार किये जाते रहे हैं. जैसे – किन्हीं प्रकार की लकड़ियों, बीजों, कीमती या थोड़े कम कीमती रत्नों या अन्य पदार्थों को शरीर पर पहनना.

भारत में ज्योतिषियों और अंक-ज्योतिषियों ने इन सब को अंगूठी, “माला” या “यंत्र” के रूप में इस्तेमाल किया है.

“मालाएं” शुद्ध प्राकृतिक रत्नों, कीमती लकड़ियों या बीजों से बनाई जाती हैं. “यंत्र” कीमती धातु पर ज्यामितीय (रैखिक) चित्र एवं अंकों के मिश्रण को गढ़ कर तैयार किये जाते हैं. इनके प्रयोग एवं कुछ ऐसे काम, जो स्वयं करने होते हैं; के द्वारा जीवन में संतुलन, खुशी और मधुरता आती है.

नोट*:* सभी *“*यंत्र*”,* प्राकृतिक रत्न और *“*मालाएं*”* वैदिक मन्त्रों से शोधित एवं पूजित कर उर्जा से भर दी जाती हैं*.*

नवरत्न माला: इसमें मौजूद हर रत्न हमारे सौर मंडल के एक-एक ग्रह का प्रतीक होता है. ज्योतिष में इसका बहुत अधिक महत्त्व है. इस माला को पहनने से ज्योतिष-चार्ट में मौजूद किसी भी प्रकार के अनिष्ट से बचने में मदद मिलती है.

क्रिस्टल माला: भगवती देवी की कृपा और मनुष्य की आत्मा का प्रतीक. अनेकानेक धार्मिक कामों में उपयोगी.

ग्रह: सूर्य व चन्द्र तत्व: अग्नि एवं जल उर्जा: उभार सहित (प्रोजेक्टिव) एवं (रिसेप्टिव) नए विचार उत्पन्न करने वाला रंग-पारदर्शी

तुलसी माला: सबसे पवित्र लकड़ी जिसे अक्सर “पवित्र तुलसी” कहते हैं, और जिसकी मंदिरों में साक्षात् देवी के रूप में पूजा की जाती है. मनुष्य और स्थान को शुद्ध करती है. मनुष्य के वात और कफ़ दोषों को संतुलित करती है.

कार्नेलियन (एक कीमती रत्न); यह उर्जा प्रदान करने वाला रत्न निचले चक्रों को क्रियाशील बनाता है और पहनने वाले को कर्म करने एवं निर्णय लेने में मदद करता है. यह उर्जा और उत्साह प्रदान करता है जिससे शारीरिक उर्जा और व्यक्तिगत क्षमता बढ़ती है. जीवन को हंसी, खुशी और आनंद से भर देता है क्योंकि यह ह्रदय को खोलता है. ग्रह: सूर्य तत्व: अग्नि (उत्साह) उर्जा: उभार वाला (प्रोजेक्टिव) रंग: लाल-नारंगी

जम्बुमणि माला: यह रत्न शांति और पवित्रता का प्रतीक है, प्रेम लाता है. अनिष्ट (हानि) से बचाता है. किसी प्रकार के नशे से मुक्त रखता है. अंतर्ज्ञान से प्रेरित हो और आज्ञा चक्र (तीसरे नेत्र) को स्फूर्ति प्रदान कर यह अतीन्द्रिय और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ाता है. ध्यान को केंद्रित करने में उचित सहयोग करता है. ग्रह: बृहस्पति और नेपट्यून (वरुण). तत्व: जल उर्जा: नवीन विचारों को प्रदान करने वाला (रिसेप्टिव) रंग:जामुनी

………

मूल्य

दर

न्यूमरोलॉजी रिपोर्ट : 55 यूरोज़

ऑनलाइन परामर्श (अभी करें)

...

संपर्क

व्यक्तिगत सलाह लेने हेतु

निम्न नम्बरों पर संपर्क कर नियुक्ति लें

(+ 34) 671 633 192 अंग्रेज़ी और हिंदी में

(+34) 644 558 187 Español

....

ऑनलाइन परामर्श

- स्काईप द्वारा
- ई-मेल द्वारा : contact@narayanhealer.com
- फोन द्वारा

नोट: प्रार्थना पर, आप द्वारा सुनिश्चित स्थान पर सलाह देना संभव है.

(शर्तों के अधीन)

अधिक जानकारी हेतु, कृपया संपर्क करें –

नाम : (प्रथम नाम) (अंतिम नाम)

ई-मेल:

टिप्पणी : (कृपया अपनी पूरी जन्म-तिथि लिखें)

विचारार्थ जमा करें